ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी करने वाली गैंग गिरफ्तार, किराए पर लग्जरी कारें लेकर बनाते थे वीडियो

चोरी करने भी किराए की लग्जरी कारों से आते थे, टीम वर्क से करते थे चोरियां

उदयपुर, (कास)। लग्जरी गाड़ियों में रील बनाकर सोशल मीडिया पर रौब दिखाने और महंगे शौक पूरे करने के लिए सरकारी संपत्ति को निशाना बनाने वाले गिरोह का उदयपुर जिले की भीण्डर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके कब्जे और निशानदेही से चोरी का 300 लीटर ट्रांसफार्मर तेल बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी अब तक 100 से अधिक सरकारी बिजली ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी कर चुके हैं।एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि आरोपी किराए की लग्जरी कारों से रात में वारदात करने पहुंचते थे। वे ड्रिल मशीन से ट्रांसफार्मरों में छेद कर तेल निकालते थे।

गिरोह दो टीमों में काम करता था। एक टीम तेल निकालती जबकि दूसरी टीम पिकअप वाहन से तेल एकत्र कर ले जाती थी। इस तरह एक ही रात में कई ट्रांसफार्मरों को निशानाबनाया जाता था।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी का तेल बेचकर मिलने वाली रकम को वे लग्जरी कारों को किराए पर लेने,महंगे शौक,और खाने.पीने में खर्च कर देते थे।

पुलिस ने बताया कि बिजली विभाग भींडर के कनिष्ठ अभियंता उत्सव कुमार ने 14 नवंबर 2026 को थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि दवेला तालाब,हिंता और बांडा मगरा गांवों में किसानों के कृषि क्षेत्रों में स्थापित विभागीय सिंगल व थ्री.फेज बिजली ट्रांसफार्मर लगे थे। जिनमें से रात के समय अज्ञात चोरों ने तेल चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू। आसपास सीसीटीवी खंगालकर और मुखबिर से जानकारी जुटाकर आरोपियों की पहचान की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे किसी निजी व्यक्ति की बजाय सरकारी ट्रांसफार्मर को ही निशाना बनाते थे। चोरी का तेल बेचकर मिलने वाले रुपयों से महंगे शौक और खाने.पीने का खर्च पूरा करते थे।आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए दो अलग.अलग टीम बनाकर काम करते थे।

पहली टीम किराए के वाहनों से घटना स्थल पहुंचती थी और बिजली के ट्रांसफार्मरों में ड्रिल मशीन से छेदकर तेल निकालती थी।फिर दूसरी टीम पिकअप वाहन लेकर आती और निकाले गए तेल को इकट्ठा कर ठिकाने लगाती थी। इसी दौरान पहली टीम वापस दूसरे ट्रांसफार्म से तेल निकालने निकल जाती थी। एक ही रात में कई ट्रांसफार्मर को निशाना बनाते थे।

थानाधिकारी मुकेशचन्द्र के अनुसार गिरोह के कपासन चित्तौड़गढ़ निवासी लोकेश पुत्र शंकरलाल,भदेसर निवासी कानसिंह पुत्र इन्द्रसिंह,भीण्डर के बड़गांव निवासी भावेश उर्फ गोटा पुत्र भगवानलाल,गाडरियावास निवासी विनोद पुत्र देवीलाल,वाना खेरोदा निवासी कमलेश कुमार पुत्र प्रभुलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का 300 लीटर ट्रांसफार्मर तेल बरामद किया है। यह कार्रवाई भीण्डर थानाधिकारी मुकेशचन्द्र के नेतृत्व में एएसआई हिम्मत सिंह, हेडकांस्टेबल अनिल कुमार, राजेश कुमार, खुशीराम, कांस्टेबल रोहित, निखिल, महिपाल और मो. यूसुफ ने की है।

करौली में हत्या के मामले में 18 माह से फरार चार इनामी आरोपी गिरफ्तार

प्रत्येक आरोपी पर था 10-10 हजार रुपये का इनाम

करौली, (निसं)। जिले में संगठित अपराध, हत्या, अवैध हथियारों एवं गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत करौली कोतवाली पुलिस ने बडी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्या के एक गंभीर प्रकरण में करीब 18 माह से फरार चल रहे चार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपीयों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपियों की गिरफ्तारी में कोतवाली पुलिस के साथ सीएलजी एवं वाई सीएलजी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार तथा भरतपुर रेंज आईजी डॉ. प्रीति चन्द्रा एवं जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कसवां एवं वृत्ताधिकारी करौली किशोर सिंह के सुपरविजन तथा कोतवाली थाना प्रभारी विनोद सामरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बडी सफलता हासिल की

जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने बताया कि थाना कोतवाली करौली में दर्ज में हत्या की वारदात के बाद से चार आरोपी लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहे थे तथा पहचान छिपाकर रह रहे थे।

पुलिस ने सीएलजी एवं वाई-सीएलजी सदस्यों के सहयोग से आरोपियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में साजिद खान उर्फ दिल्लू पुत्र खलील खां उर्फ भूरा, उम्र 35 वर्ष। गुलफाम खान पुत्र खलील खां उर्फ भूरा, उम्र 31 वर्ष।बबली उर्फ नईम पुत्र मसल्लू उर्फ मसल्लुद्दीन, उम्र 45 वर्ष।ओसामा उर्फ मोहम्मद उसामा पुत्र जमीलुद्दीन, उम्र 25 वर्षा।चारों आरोपी कोआ खो, बागुर वाली मस्जिद के पास,चटीकना,थाना कोतवाली करौली क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं पुलिस के अनुसार 1 जून 2025 को सानू पुत्र हनीफ निवासी बागुर वाली मस्जिद, डोलीखार करौली ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 31 मई 2025 को शाम करीब 7:30 बजे उसके पिता हनीफ घर पर थे। इसी दौरान कुछ लोग हथियारों से लैस होकर वहां पहुंचे और जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हनीफ को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

खेत में महिला की संदिग्ध मौत से उबाल: आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर 4 घंटे चला धरना-प्रदर्शन

कानोड़। अमरपुरा जागीर ग्राम पंचायत के गुलाबपुरा क्षेत्र स्थित खेत पर महिला की संदिग्ध मौत के मामले में शुक्रवार को ग्रामीणों और परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा।

हत्या का आरोप लगाते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीएचसी परिसर से लेकर पुलिस थाने तक करीब चार घंटे तक जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। बाद में स्थानीय थाना अधिकारी भँवर लाल ने उच्च अधिकारियों को सूचना दी जिसके बाद डिप्टी श्रवण दास संत के निर्देशन में भीडर अधिकारी मुकेश चंद्र, वल्लभनगर से की थाना अधिकारी पुनाराम गुर्जर सहित पुलिस प्रशासन द्वारा वांछित आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले को केस



अमरपुरा जागीर ग्राम पंचायत के गुलाबपुरा क्षेत्र स्थित खेत पर महिला की संदिग्ध मौत के मामले में ग्रामीणों और परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। पुलिस ने समझाइश की।

ऑफिसर स्कीम के तहत लेकर जल्द न्याय दिलाने के लिखित आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और शव उठाया।

गौरतलब है कि गुरुवार को गुलाबपुरा क्षेत्र में खेत पर काम कर रही कंचन बाई पत्नी गणेश गायरी का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। मृतका के शरीर पर कट के निशान होने के कारण

- पुलिस के लिखित आश्वासन के बाद उठा शव

परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। शुक्रवार सुबह कानोड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी होने तक शव लेने से साफ इनकार कर दिया। आक्रोशित परिजन और ठाामीण सीएचसी परिसर में ही करीब तीन घंटे तक धरने पर बैठे रहे। इसके बाद शाम 4 बजे सभी प्रदर्शनकारी लामबंद होकर कानोड़ थाने पहुंचे और वहां भी करीब एक घंटे तक धरना देकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष जताया।

नींद की झपकी आने से ट्रक में लगी आग, खलासी घायल

- जम्मु-कश्मीर से सेब की पेटियों से भरा ट्रक जम्मु-कश्मीर से मुम्बई जाने के लिये रवाना हुआ, दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे पर जालिमपुरा व कचोलिया के बीच ट्रक चालक को नींद की झपकी लगने से ट्रक अनियंत्रित होकर सुरक्षा दीवार से टकराता हुआ डिवाईडर से टकरा गया।

कोटा, (निसं)। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे पर जालिमपुरा व कचोलिया के समीप ट्रक चालक को नींद की झपकी लगने से ट्रक अनियंत्रित टकरा गया और ट्रक मे अचानक से आग लग गई हादसे मे ट्रक का खलासी घायल हो गया जिसे उपचार के लिये अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जम्मु-कश्मीर से सेब की पेटियों से भरा ट्रक जम्मु-कश्मीर से मुम्बई जाने के लिये रवाना हुआ, दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे पर जालिमपुरा व कचोलिया के बीच ट्रक चालक को नींद की झपकी लगने से ट्रक अनियंत्रित होकर सुरक्षा दीवार से टकराता हुआ डिवाईडर से टकरा गया। हादसे मे चालक व खलासी दोनों को चोटे लगी और दोनों ट्रक से बाहर आ गये, डिवाईडर से टकराने के बाद ट्रक में अचानक से चिंगारी उठी और देखते ही देखते ट्रक मे आग की लपटें उठने लगी। ट्रक मे आग लगने की सूचना पाकर सुल्तानपुर नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची लेकिन जब तक ट्रक मे लगी आग पर काबू पाया गया तब ट्रक मे रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया, गनीमत रही कि हादसे मे कोई जनहानि नही हुई। दीगोद थानाधिकारी कृष्ण अवतार शर्मा ने बताया कि ट्रक मे आग लगने की सूचना मिली थी, सुल्तानपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। थानाधिकारी ने बताया कि मामले मे सामने आया कि जम्मु-कश्मीर से सेबों से भरा ट्रक माल लेकर मुम्बई जा रहा था, चालक को नींद की झपकी लगने से ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकराने के बाद चिंगारी निकली और ट्रक मे आग लग गई, हादसे मे ट्रक खलासी घायल हो गया।

कांस्टेबल की पत्नी ने सुसाइड किया

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके के समृद्धि नगर विस्तार में गुरूवार रात्रि को विवाहिता ने घर मे फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया, मृतका ग्रामीण पुलिस लाईन मे तैनात कांस्टेबल की दूसरी पत्नी है, सूचना मिलने पर बोरखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बोरखेड़ा थाने के एएसआई अब्दुल हफीज ने बताया कि इलाके के समृद्धि नगर विस्तार मे महिला की सुसाईड की सूचना मिली थी, एएसआई ने बताया कि समृद्धि नगर विस्तार निवासी कविता चौबदार (35) ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया, मृतका का पति मुकेश शर्मा ग्रामीण पुलिस लाईन मे कांस्टेबल है, मृतका मुकेश शर्मा की दूसरी पत्नी थी। मुकेश ने 2 साल पहले ही कविता चौबदार से विवाह किया था, दोनों पत्नियां अलग-अलग रहती हैं। एएसआई ने बताया कि गुरूवार देर रात्रि को कांस्टेबल के घर पहुंचने पर दरवाजा नही खोलने पर दरवाजा तोड़ा गया तो घटना का पता चला, मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

आठ साल बाद कोटा से पाकिस्तान जाएंगे सिख श्रद्धालु

- लोकसभा अध्यक्ष के प्रयासों से मिला वीजा

कोटा, (निसं)। करीब आठ साल बाद कोटा से सिख श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित गुरूद्वारों के दर्शन के लिए जाएंगे। कोटा सिख वेलफेयर सोसायटी के आग्रह पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों के बाद कोटा से 12 श्रद्धालुओं को गुरूनानक जयंती के अवसर पर पाकिस्तान जाने का वीजा मिला है। श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार सुबह 7 बजे स्वर्ण मंदिर मेल से अमृतसर के लिए रवाना होगा। कोटा सिख वेलफेयर सोसायटी के प्रधान मनिन्दर सिंह ने बताया कि अंतिम बार 2019 में कोटा से जत्था पाकिस्तान गया था। परन्तु कोरोना के कारण तत्कालीन प्रधान जगजीत सिंह जग्गी की मृत्यु होने के बाद प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने के कारण जत्था पाकिस्तान नहीं जा पा रहा था। सोसायटी के महासचिव जितेन्द्र सिंह बग्गा हर वर्ष प्रयास करते लेकिन दस्तावेजी प्रक्रियाओं के कारण बाधा आ जाती। लेकिन उन्होंने इस वर्ष आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व ही पाकिस्तान जाने के इच्छुक श्रद्धालुओं की सूचनाएं एकत्रित कर लीं। आवेदन

प्रारंभ होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पूर्व में आई कठिनाइयों से आवगत करवा दिया। लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश पर ओएसडी राजीव दत्ता ने सभी विभागों से श्रद्धालुओं के नामों को क्लियरेंस दिलवाई। जिस कारण सभी के पासपोर्ट समय पर पाकिस्तान दूतावास पहुंच सके। पाकिस्तान दूतावास ने शुक्रवार को सुबह करीब 11.30 बजे कोटा के सभी 12 श्रद्धालुओं को वीजा जारी कर दिया। सोसायटी के महासचिव जितेन्द्र सिंह बग्गा ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं के पासपोर्ट तीन दिन पूर्व पाकिस्तान दूतावास पहुंच गए थे। वहां से गुरूवार को सम्पर्क करने को कहा गया था। गुरूवार को दूतावास पहुंचने पर पहले 11 बजे फिर दोपहर 3 बजे, फिर शाम 5 बजे और अंत में शाम 7 बजे आने को कहा गया। चार बार चक्कर काटने के बाद अंत में शुक्रवार सुबह 11 बजे आने को कहा गया। तब तक सभी 12 श्रद्धालुओं बेचैन होकर गुरूनानक देवजी से वीजा मिलने की अरदास करते रहे। शुक्रवार सुबह 11.30 बजे सभी श्रद्धालुओं को वीजा मिलने की जानकारी मिली, सभी के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। सोसायटी ने अटवाल नगर निवासी प्रभजोत सिंह को जत्थे का प्रमुख बनाया है। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली पहुंचकर पाकिस्तान दूतावास से सभी 12 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट प्राप्त कर लिए हैं। जत्थे के शेष 10 सदस्य शनिवार को सुबह 7 बजे गोल्डन टेम्पल मेल से अमृतसर के लिए रवाना होंगे।

सोसयटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपिन्दर सिंह आनंद ने बताया कि जत्था 22 नवम्बर को अमृतसर से रवाना होकर सुबह 7 बजे पाकिस्तान की ओर वाघा बॉर्डर पहुंचेगा। वहां कागजी कार्यवाही के बाद जत्था उसी दिन ननकाना साहिब जाएगा जहां 24 दिसम्बर तक गुरूनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलत होगा।

कार-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

डूंगरपुर। जिले के सागवाडा अन्तर्गत सरोदा मोड के पास कार और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से

- बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रुप से बीमार

घायल हुआ। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर एक ऑटो से भी जा टकराई। हादसे में घायल दोनों युवकों को अस्पताल ले जाया गया। मृतक की पहचान बरबोदनिया निवासी विकास के रूप में हुई है। घायल दिलीप को प्राथमिक इलाज के बाद उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई थी। एंबुलेंस देर से पहुंची,इसलिए घायलों को निजी वाहन से सागवाडा अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर सागवाडा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगा रही है।

नकली डीएपी से भरा ट्रक जब्त

- सांवतसर में बेच दी संदिग्ध खाद

बीकानेर। रबी की बुवाई के पीक सीजन में बीकानेर के ग्रामीण इलाकों में किसानों की मेहनत और फसल पर नकली खाद का बड़ा संकट मंडरा रहा है। एक ओर जहां कृषि विभाग ने गुरुवार को जसरासर में कार्रवाई करते हुए गुजरात से लाए गए नकली डीएपी खाद के 470 बैग से भरा ट्रक पकड़ा है, वहीं दूसरी ओर पास के ही सांवतसर गांव में भी बड़े पैमाने पर संदिग्ध डीएपी बेचे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चौंकाने वाली बात यह है कि सांवतसर में नियमों को ताक पर रखकर बिना पीओएस मशीन के ही किसानों को खाद थमा दी गई, जिसकी गुणवत्ता की जांच तक नहीं हुई। किसान कृषि विभाग के चक्कर लगा रहे हैं।

कृषि विभाग के सहायक निदेशक सुरेंद्र मारू ने बताया कि तलाशी के दौरान ट्रक चालक के पास डीएपी रतनगढ़ से बीकानेर लाने का बिल मिला है, जो फर्जी है। रतनगढ़ की जिस फर्म का बिल है उससे इसकी तस्दीक कर ली गई है। इसी प्रकार बीकानेर में खाद किसी दीपक सीड्स के यहां सप्लाई होनी थी, जबकि इस नाम से कोई लाइसेंस विभाग ने जारी नहीं कर रखा। खाद सीधे ही ट्रक से बेचना गैर कानूनी है। कृषि विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जसरासर क्षेत्र में नकली उर्वरक खपाने की तैयारी है। सूचना पर विभागीय टीम ने नाकाबंदी कर एक ट्रक को रुकवाया। तलाशी लेने पर ट्रक में इफको कंपनी के नाम से पैक किए गए 470 बैग डीएपी खाद भरे मिले। प्रारंभिक जांच में यह खाद प्रथम दृष्टया पूरी तरह नकली प्रतीत हुई। पूछताछ में ट्रक चालक जेगला गोगलियां निवासी शिवराज भादू ने खुलासा किया कि वह यह उर्वरक गुजरात से भरकर लाया है और भोजेरा निवासी सीताराम ज्याणी ने यह खेप यहां भिजवाई थी। विभाग ने खाद के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जब्त किए गए 470 कट्टों को स्थानीय ग्राम सेवा सहकारी समिति के सुपुर्द किया गया है, जबकि ट्रक पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सहायक निदेशक (मुख्यालय) सुरेंद्र मारू ने बताया कि चालक के खिलाफ पुलिस थाना जामसर में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7, 8 व 19, आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3, 7, 10 तथा बीएनएस की धारा 318 के तहत एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है। इस कार्रवाई में सहायक निदेशक (नोखा) राजूराम डोगीवाल, कृषि अधिकारी मामराज, गिरिराज, सहायक कृषि अधिकारी राजेश कुमार और कृषि अन्वेषक विनोद कुमार शामिल रहे।

भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

संशोधन सूचना

विभाग द्वारा दिनांक 17.11.2026 को प्रकाशित निविदा सूचना में त्रुटिवश ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 59/2026-27 के स्थान पर ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 57/2026-27 अंकित हो गया था। अतः उक्त निविदा को ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 59/2026-27 पढ़ा जावें।

UBN No.: WAQ2627SLRC00138

राज.संवाद/सी/26/13515 सचिव

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)

क्रमांक :- न.पा.रा./2026-27/5033 दिनांक :- 18/11/2026

निविदा सूचना 2026-27

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका राजगढ (चूरू) द्वारा वर्ष 2026-27 में करवाये जाने वाले कार्यो / सामान क्रय एवं विभिन्न कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 25.11.2026 को दोपहर 01:00 बजे तक विक्रय किये जायेंगे व दिनांक 25.11.2026 को 03:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे एवं दिनांक 25.11.2026 को सांय 05:00 बजे सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में खोली जायेगी। जिसका विस्तृत विवरण लोक उपापन portal https://sppp.rajasthan.gov.in तथा नगर पालिका कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। जिनका बिड क्रमांक निम्नानुसार है:-

UBN Code : DLB2627SSOB24696

राज.संवाद/सी/26/13523 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका राजगढ़ चूरु

कार्यालय नगर पालिका मण्डल नापासर (बीकानेर)

Email ID -eonagarpalikanapasar@gmail.com

क्रमांकः-न.पा.ना.पा / निर्माण / 2026-27 / 1462 दिनांक 16.11.2026

अल्पकालीन ई- निविदा-सूचना सं0 22/निर्माण/2026-27

नगर पालिका नापासर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 24.00 लाख

UBN Number :- DLB2627WSOB24693

राज.संवाद / सी / 26 / 13493 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

झलकारी बाई स्मारक के पास पंचशील-लोहागल मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920

क्रमांक :- MEW/2026-27/707 दिनांक :- 18/11/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 14/2026-27

नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा कार्यों की कुल लागत	राशि 69.55 लाख
निविदा जारी करने की तिथि	Date 18.11.26 को 6.00 PM तक
निविदा प्रकाशन की तिथि	Date 19.11.26
ऑनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि	Date 20.11.26 को 11.00 AM से 29.11.26 को 6 PM तक
Technical निविदा खोलने की तिथि व समय	Date 30.11.26 को 11.00 AM पर
Technical निविदा खोलने की तिथि	सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जाएगा।

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।

NIB Code :- ANN2627A0138

UBN No :- ANN2627SLOB00165

राज.संवाद/सी/26/13521 अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम अजमेर

श्रीकरणपुर के कच्ची थेड़ी इलाके में संदिग्ध ड्रोन मिलने से मचा हड़कंप

अनूपगढ़। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक श्रीकरणपुर के कच्ची थेड़ी इलाके में रिहायशी क्षेत्र के पास बड़ा संदिग्ध ड्रोन मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई। ड्रोन पर बैटरी और कैमरा लगे होने के कारण मामला बेहद संवेदनशील हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस, बीएसएफ सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी भारी सुरक्षा बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच अभियान शुरू किया।

जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब पौने एक बजे कच्ची थेड़ी क्षेत्र में यह ड्रोन मिला। घटनास्थल भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से महज करीब 8 किलोमीटर दूर होने के कारण सुरक्षा एजेंसियों ने विशेष सतर्कता बरती। एहतियात के तौर पर ड्रोन मिलने वाले स्थान के आसपास करीब 100 मीटर का क्षेत्र खाली करवाया गया तथा हथियारबंद जवानों की तैनाती की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और बीएसएफ सहित सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त रूप से आसपास के क्षेत्र में सघन सर्च अभियान चलाया। ड्रोन की बारीकी से जांच की गई तथा किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी गई।



श्रीकरणपुर के कच्ची थेड़ी इलाके में संदिग्ध ड्रोन मिलने के बाद जांच में जुटी पुलिस।

- भारत-पाक सीमा से महज 8 किलोमीटर दूर मिला ड्रोन सुरक्षा एजेंसियों की जांच में सेना का निकला

इस अभियान के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों की सतर्कता, जागरूकता और सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग की भावना को भी परखा गया।

जांच के बाद श्रीकरणपुर पुलिस थाने से राहतभरी जानकारी सामने आई। पुलिस के अनुसार, कच्ची थेड़ी क्षेत्र में मिला ड्रोन भारतीय सेना का था, जो सैन्य अभ्यास के दौरान अनियंत्रित होकर यहां पहुंच गया था। इस खुलासे के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली। इस पूरे घटनाक्रम में वार्ड नंबर 11 के पार्षद मोहनलाल कल्याणा ने भी जागरूक नागरिक और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की भूमिका निभाई। उनकी सतर्कता एवं सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग का सराहना करत हुए उन्ह सम्मानत किया गया। यह घटनाक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों में आमजन की सजगता और सुरक्षा एजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल का महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर सामने आया है। किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना समय पर संबंधित विभागों तक पहुंचाना देश की सुरक्षा के लिहाज से बेहद जरूरी है। आमजन की जागरूकता ही सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण सैनी हत्याकांड में दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

खेतड़ी (निसं)। बबाई क्षेत्र में पंचायत राज चुनाव के मतदान के दौरान पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण सैनी की हत्या के मामले में खेतडी पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में सुरेन्द्र सिंह और जयपाल सिंह को गिरफ्तार किया है।

घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी पुलिस थाना खेतडी में मारपीट के दो-दो प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका को लेकर अनुसंधान कर रही है। पुलिस के अनुसार 16 नवंबर 2026 को चुनाव मतदान के दौरान पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण सैनी पोलिंग बूथ के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान सुरेन्द्र सिंह, जयपाल सिंह, दौलत सिंह, रणवीर सिंह सहित 5 से 7 अन्य व्यक्ति वहां पहुंचे और एकराय होकर लक्ष्मीनारायण सैनी पर जान से मारने की नीयत से कुर्सियों से हमला कर दिया। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजन उन्हें उपचार के लिए पहले बबाई अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर नीमकाथाना अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में 17 नवंबर को मृतक के पुत्र राजेश कुमार सैनी ने खेतडी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

रिपोर्ट में सुरेन्द्र सिंह, जयपाल सिंह, दौलत सिंह, रणवीर सिंह सहित अन्य लोगों पर एकराय होकर हमला करने का आरोप लगाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की। मामले की गंभीरता को देखते हुए झुंझुनूं जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा खेतडी वृत्ताधिकारी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी बुद्धिप्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुरेन्द्र सिंह और जयपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी खेतडी थाने में मारपीट के दो-दो प्रकरण दर्ज हैं। मामले में अनुसंधान जारी है तथा घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में जयपाल सिंह (41) पुत्र पूर्ण सिंह निवासी ढ ाणी आशाकाला, तन विजयनगर, थाना खेतडी तथा सुरेन्द्र सिंह (50) पुत्र स्व. श्योबक्स सिंह निवासी ढाणी मीनावाली, तन विजयनगर, थाना खेतडी, जिला झुंझुनूं शामिल हैं। वहीं कार्रवाई करने वाली टीम में खेतडी थानाधिकारी बुद्धिप्रसाद, हेड कांस्टेबल महेश कुमार आदि शामिल थे।